Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

قُلْ يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ
اِنِّيْ رَسُوْلُ اللّٰهِ اِلَيْكُمْ جَمِيْعًا
الَّذِيْ لَهٗ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۚ
لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ يُحْيٖ وَيُمِيْتُ

(आले इमरान : 9)

अनुवाद : तू कह दे कि हे इनसानो निसंदेह मैं तुम सबकी तरफ़ अल्लाह का रसूल हूँ जिसके क़बज़ा में आसमानों और ज़मीन की बादशाही है। उसके सिवा और कोई माबूद नहीं। वह ज़िंदा भी करता है और मारता भी है।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 7
अंक- 42

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य 600 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

23 रबीउल अव्वल 1444 हिज्री कमरी, 20 इखा 1401 हिज्री शम्सी, 20 अक्टूबर 2022 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

तीन व्यक्ति जिन से अल्लाह क़ियामत के दिन झगड़ा करेगा

(2227) हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि अल्लाह तआला फ़रमाता है : तीन शख़्स हैं जिनसे क़ियामत के रोज़ मैं झगड़ा करूँगा। एक वह शख़्स जिसने मेरा नाम लेकर किसी से अह्द किया और फिर ग़द्दारी की। दूसरा वह शख़्स जिसने किसी आज़ाद को बेच कर उसकी क़ीमत खाई। तीसरा वह व्यक्ति जिसने मज़दूर को मज़दूरी पर रखा और उससे पूरा काम लिया परन्तु उसकी मज़दूरी उसे नहीं दी।

कौन सा पड़ोसी ज़्यादा हक़दार है

(2259) हज़रत आईशा रज़ियल्लाहु अन्हा से रिवायत है कि उन्होंने कहा! हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ! मेरे दो पड़ोसी हैं इन दोनों में से मैं किस को भेंट भेजूँ? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : उन दोनों में से जिसका दरवाज़ा तुमसे ज़्यादा क़रीब है।

काम की ख़ाहिश रखने वाले या ओहदा मांगने वाले

(2261) हज़रत अबू मूसा अशअरी रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि मैं (यमन से नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) के पास हाज़िर हुआ और मेरे साथ अशअर क़बीले के दो शख़्स थे (जो किसी ख़िदमत के तलबगार थे, उन्होंने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से उसकी दरख़ास्त की)मैं ने अर्ज़ किया : मुझे इलम नहीं था कि ये दोनों काम की ख़ाहिश रखते हैं। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : हम ऐसे लोगों को अपने काम पर नहीं लगाते जो इसकी ख़ाहिश रखते हों (रावी कहता कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने कलाम करते हुए) لَنْ نَسْتَعْمِلَ فرمایا لَا نَسْتَعْمِلُ फ़रमाया।

(बुख़ारी,भाग 4 प्रकाशन 2008 क़ादियान)

सही और सच्ची बात वही है जो ख़ुदा तआला ने हम पर खोली,जो अहादीस के उदेश्य के अनुसार है कि मसीह कोई ख़ूनी जंग नहीं करेगा और न तलवार पकड़ कर लड़ना उसका उदेश्य है बल्कि वह तो इस्लाह के लिए आएगा, हाँ यह हम मानते हैं कि उसका काम शर का अंत करना है और वह तर्कों और प्रमाणों से करेगा

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

बैरूनी तौर पर मसीह का काम क्या है? जो उसका यह नाम रखा। मसीह इबन-ए-मरियम का काम शर का अंत करना होगा और मह्दी का काम ख़ैर का कमाना। इसलिए ग़ौर करो कि मसीह का काम يَقْتُلُ الْخِنْزِيْرَ और يَكْسِرُ الصَّلِيْبَ बताया है। यही दिफ़ाई शर है, लेकिन हमारा यह मज़हब हरगिज़ नहीं है कि वह दिफ़ाइ शर के लिए तलवार और तीर लेकर जंग के वास्ते निकलेगा।

ओल्मा जो ये कहते हैं कि वह जंग करेगा यह सही नहीं बल्कि बिल्कुल ग़लत है। यह क्या इस्लाह हुई कि अभी आप आए और आते ही तलवार पकड़ कर लड़ाई के वास्ते मैदान में निकल आए, यह नहीं हो सकता। सही और सच्ची बात वही है जो ख़ुदा तआला ने हम पर खोली,जो अहादीस के मंशा के अनुसार है कि मसीह कोई ख़ूनी जंग नहीं करेगा और न तलवार पकड़ कर लड़ना उसका उद्देश्य है बल्कि वह तो इस्लाह के लिए आएगा। हाँ यह हम मानते हैं कि उसका काम शर का अंत करना है और वह तर्कों और प्रमाणों से करेगा।

और मह्दी का काम ख़ैर कमाना हैं यह नहीं जो बद आदात और फ़िस्क़ ओ फजूर फैला होगा, वह उसको हिदायत से बदल देगा। ईसा का शब्द अवस से लिया है जो दफ़ ए शर की तरफ़ ईमा है। इन हर दो बरुज़ों में रहस्य यह है कि मह्दी का बरूज़ पूर्ण है, क्योंकि उसका काम है फैज़ पहुँचाना और फैज़ पहुँचाना शर के अंत करने की निसबत अकमल बात है। एक शख़्स है जो किसी की राह से सिर्फ कांटे उठावे, यह बे-शक बड़ा काम है, लेकिन जो उसको सवारी दे और अपने घर ले जाकर रोटी भी खिलाए यह उससे भी बढ़कर है। अतः मह्दी अकमल है इस लिए वह अल्लाह का ख़लीफ़ा है। ईसा इबन-ए-मरियम जो मह्दी अल्लाह के ख़लीफ़ा की बैअत करेगा, उस में यही रहस्य है और मह्दी का बरूज़ इस प्रकार भी पूर्ण है कि वह दरअसल रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का बरूज़ होगा और आप ख़ातमुल अम्बिया थे और अकमलुल अम्बिया इस लिए कि उसका बरूज़ भी अकमल ही होगा।

ये दो बरूज़ थे। उल्मा ने कैसा ज़ुलम किया कि एक बरूज़ को तो उन्होंने मान लिया कि मह्दी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ख़ुलक और नाम पर होगा, लेकिन ईसा इब्ने मरयम की निसबत यही तजवीज़ किया कि वही आसमान से उतर कर आएगा। किस क़दर ताज्जुब की बात है कि कैसे ज़हन परिवर्तित हो गए हैं जो तनाक़ुज़ पैदा करते हैं और नहीं समझते। एक जगह तो बरोज़ रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का मान लिया, उसका क़ायम मक़ाम ख़लीफ़तुल्लाह बन गया, परन्तु फिर यह क्या हुआ कि जो छोटा था उसे ख़ुद क्यों आना पड़ा। वह मह्दी जिसको इफ़ाज़ा ख़ैर दिया गया है और जो अकमल है उसको बरूज़ी रंग में लाते और मसीह इबन-ए-मरियम को उसकी बैअत कराने के वास्ते ख़ुद उतारते हो। (मल्-फ़ूज़ात, भाग प्रथम, पृष्ठ 407 प्रकाशन क़ादियान 2018 ई.)

★ ★ ★

मोमिन की औलाद अगर मोमिन होगी तो जन्नत में अपने माँ बाप के साथ मिला दी जाएगी औलाद की तकालीफ़ का माँ बाप पर-असर पड़ता है, इस तकलीफ़ से बचाने के लिए अल्लाह तआला बुज़ुर्गों की औलाद से नेकी का सुलूक करता है

नबियों और सालेहीन की जमाअतों के लिए बार-बार क़ुरआन-ए-करीम में वादे हैं कि उन पर विशेष फ़ज़ल होगा ता उनके दुख पाने से नबियों और सालेहीन को तकलीफ़ न हो

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरः नहल आयत 120 ثُمَّ اِنَّ رَبَّكَ لِلَّذِيْنَ عَمِلُوا السُّوْٓءَ بِجَهَالَةٍ ثُمَّ تَابُوْا مِنْۢ بَعْدِ ذٰلِكَ وَاَصْلَحُوْٓا ۙ اِنَّ رَبَّكَ مِنْۢ بَعْدِهَا لَغَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ (अनुवाद : फिर (याद रखो) जिन लोगों ने बे-ख़बरी की हालत में (कोई बुराई की हो (और) फिर इसके बाद उससे तौबा कर लें और (अपनी ग़लती की) इस्लाह (भी) करें उनके हक़ में तेरा रब उन (शरायत के पूरा करने) के बाद बहुत ही बख़शने वाला (और) बार-बार रहम करने वाला (साबित होगा) की तफ़सीर में फ़रमाते हैं :

इस से पूर्व अल्लाह तआला ने वर्णन फ़रमाया था कि यहूद ने ना-फ़रमानी की इस लिए उन पर तकालीफ़ आईं जैसे कि फ़रमाया وَلٰكِنْ كَانُوْٓا اَنْفُسَهُمْ يَظْلِمُوْنَ वे ज़ुलम करते थे इस लिए इसका नतीजा उन्हें दुख मिला। अब फ़रमाया है कि जबकि यहूद ने ग़लतियां कीं लेकिन अगर वह अब भी तौबा करें तो ख़ुदा तआला को बख़शने वाला मेहरबान पाएँगे। इस में यहूद का कोई ख़ास लिहाज़

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - **निगरान बदर बोर्ड क़ादियान**

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की जर्मन यात्रा जून 2014 ई. (भाग-10)

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर साहब, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः सय्यद मुहयुद्दीन फ़रीद)

12 जून 2014 शुक्रवार के दिन

जलसा सालाना के इंतेज़ामात का निरीक्षण

(शेष रिपोर्ट)

लजना के जलसा गाह और इंतेज़ामात के निरीक्षण के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ पुरुषों के जलसा गाह में तशरीफ़ ले आए। जहां प्रोग्राम के अनुसार जलसा सालाना की डयूटियों का उद्घाटन समारोह था।

जलसा सालाना जर्मनी के समस्त इंतेज़ामात के लिए अफ़्सर जलसा सालाना , अफ़्सर जलसा गाह और अफ़्सर ख़िदमत-ए-ख़लक़ के साथ 21 नायब आफ़सरान जलसा हैं। 167 की संख्या में नाज़ेमीन जलसा हैं और 486 नायब नाज़िमीन हैं। जब कि मुआवेनीन की कुल संख्या 4970 है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ स्टेज पर पधारे और जलसा सालाना के उद्घाटन समारोह का आरंभ तिलावत क़ुरआन-ए-करीम से हुआ जो आदरणीय शेख़ मुनीर अहमद साहब ने प्रस्तुत की और इसका उर्दू भाषा में अनुवाद प्रस्तुत किया इसके बाद मुहम्मद हम्माद मीटर साहब ने इस का जर्मन भाषा में अनुवाद किया।

भाषण हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़

इसके बाद नौ बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने भाषण फ़रमाया :

तशह्हुद और ताव्वुज़ के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

इन शा अल्लाह तआला कल से जमाअत अहमदिया जर्मनी का जलसा सालाना शुरू हो रहा हैऔर जलसा के लिए जो इंतेज़ामात किए जाते हैं उनको आज आख़िरी शक्ल देकर हसब-ए-रिवायत आज उसका निरीक्षण करवाया गया है। अल्लाह तआला के फ़ज़ल से जमाअत अहमदिया जर्मनी के बारे में अब यह आशा नहीं की जा सकती कि यहां इंतेज़ामात में कोई ख़ामी इस लिए हो कि आप को पता नहीं। अल्लाह तआला के फ़ज़ल से बड़े अनुभवी कार्यकर्ता मयस्सर हैं। हाँ यदि कोई ख़ामी हो सकती है तो इस इंसानी तक़ाज़ा के कारण से हो सकती है या इस कारण से हो सकती है कि हमें अब पर्याप्त अनुवभ हो गया है इस लिए प्रत्येक बात को मामूली समझ कर लिया जाए।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

हमारे डयूटी देने वाले कार्यकर्ताओं को यह याद रखना चाहिए कि जहां वह ज़रा सा भी relax हुए या किसी काम को मामूली समझा वहां काम में फिर बरकत नहीं रहती। इस लिए समस्त नाज़ेमीन, नायबीन और दूसरे कार्यकर्ता अपनी प्रत्येक ज़िम्मेदारी और प्रत्येक डयूटी को जो विभिन्न विभागों में लगाई गई है इस को बड़ा महत्वपूर्ण समझ कर अदा करें।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

पिछली दो तीन वर्षों से यह हो रहा है कि पाकिस्तान से आने वाले असायलम सीकरज़ की संख्या पर्याप्त ज़्यादा है और उनकी भी डयूटी लगी हुई परन्तु उनको अनुवभ भी नहीं है इस लिए यहां जो उनके आफ़सरान हैं या साथी कार्यकर्ता हैं उनसे अनुवभ प्राप्त करने की प्रयास करें। 30 वर्ष हो गए हैं कि पाकिस्तान में जलसे नहीं होते। इस लिए एक लंबा अरसा के Gap के कारण से उन्हें अनुवभ नहीं रहा और जलसे का यह काम बड़ा बड़े काम होते हैं। इस लिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपने काम को बहुत महत्वपूर्ण समझ कर अपने कर्तव्य अदा करने का प्रयास करे। केवल इस बात पर न रहें कि हमें अनुवभ है और आख़री समय में कर लेंगे।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

सदैव निरंतरता से काम करें। बाक़ायदगी से काम करें। अपने कर्तव्य अदा करें और फिर आपके कामों में उस समय तक बरकत नहीं होगी जब तक अल्लाह तआला से सम्बन्ध पैदा नहीं होगा और इस की आरजू नहीं होगा। इस लिए अपनी नमाज़ों को हमेशा समय पर अदा करने का प्रयास करें और अपनी भाषाओं को दुआओं से तर रखें ताकि यहां का माहौल है इस में मज़ीद रूहानियत पैदा हो और इस रूहानियत का प्रभाव आपके शरीरों पर भी प्रकट हो रहा हो, आपकी भाषाओं पर भी प्रकट हो रहा हो और आप के ज़हनों पर भी प्रकट हो रहा हो

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

अतः यह बहुत महत्वपूर्ण चीज़ है। इस को हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारा काम असल में तो दुआ के कारण से होता है। इतना बड़ा प्रबन्ध है। बाहर से लोग आते हैं। देखते हैं तो हैरान रह जाते हैं और जब उनको बताओ कि यह कोई उद्यमी या विभिन्न विभाग जात में काम करने वाले किसी विशेष हुनर के माहिर नहीं हैं बल्कि सब Volunteer हैं तो उनकी हैरत की इंतेहा नहीं रहती। अतः यह अल्लाह तआला का फ़ज़ल है जो हम पर है जो जमाअत अहमदिया पर है। इस फ़ज़ल को मज़ीद प्राप्त करने के लिए दुआओं की बहुत आवश्यकता है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

इसी तरह जो संसार के हालात हैं इस कारण से प्रत्येक विभाग के कार्यकर्ता को और संपूर्णता प्रत्येक अहमदी को अपने इर्द-गिर्द के माहौल पर नज़र रखनी चाहिए कि कोई ऐसा अंसर हमारे मध्य में न हो जो किसी भी तरह, किसी भी सूरत में किसी काम में ख़राबी या हर्फ़ डालने का प्रयास न करे। अतः इन बातों को याद रखें अल्लाह तआला आप को तौफ़ीक़ दे कि आप उत्तम रूप में अपने कर्तव्य अंजाम देने वाले हों।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ का यह भाषण नौ बजकर पाँच मिनट तक जारी रहा। इसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने दुआ करवाई उसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ कुछ देर के लिए अपनी रहने के स्थान पर तशरीफ़ ले गए। नौ बजकर 45 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने पधार कर नमाज़ मग़रिब-ओ-इशा जमा करके पढ़ाई। नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ अपने रहने के स्थान पर तशरीफ़ ले गए।

जलसा सालाना के तीन अय्याम में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की रिहाइश जलसा गाह के इस बड़े-ओ-अरीज़ कम्पलेकस के एक हिस्सा में है।

13 जून 2014 शुक्रवार के दिन

जलसा सालाना जर्मनी का पहला दिन

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने सुबह चार बजकर 20 मिनट पर पुरुषों के जलसा गाह में पधार कर नमाज़-ए-फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ अपने रहने के स्थान पर तशरीफ़ ले गए।

सुबह हुज़ूर अनवर ने दफ़्तरी डाक देखी और विभिन्न प्रकार के दफ़्तरी मामलों सरअंजाम दिए।

आज अल्लाह तआला के फ़ज़ल से जमाअत अहमदिया जर्मनी के 39वें जलसा सालाना का पहला रोज़ था।

मध्याह्न एक बजकर 55 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ अपनी रहने के स्थान से बाहर पधारे और झंडा लहराने के समारोह के लिए जलसा गाह के चारों हालों के मध्य एक खुले लॉन में तशरीफ़ ले गए। जहां हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने लिवा-ए-अहमदियत लहराया। जबकि अमीर साहब जर्मनी ने जर्मनी का राष्ट्रीय झंडा लहराया। लिवाए अहमदियत लहराने के समय जमाअत के लोग ربنا تقبل منا انك انت السميع العليم की दुआ पढ़ते रहे।

ख़ुतबा जुमा हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ :

इसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ पुरुषों के जलसा गाह में पधारे और ख़ुतबा जुमा इरशाद फ़रमाया जिसके साथ इस जलसा का उद्घाटन हुआ।

तशह्हुद, ताव्वुज़ और सूरत फ़ातिहा की तिलावत के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

“पैग़ंबर-ए-ख़ुदा सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की निसबत फ़रमाया कि अगर कोई चाहे कि मुर्दा मय्यत को ज़मीन पर चलता हुआ देखे तो वह अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को देखे और अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो का दर्जा उस केज़ाहिरी आमाल से ही नहीं बल्कि इस बात से है जो उस के दिल में है।” (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़ा राशिद हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो के कुछ कारनामों, प्राथमिकताएं और उच्च श्रेणी का कार्यों का ईमान अफ़रोज़ वर्णन

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो’मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 16 सितम्बर 2022 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो के ज़माने के कारनामों का वर्णन हो रहा था। इस विषय में ज़िम्मियों के हुक़ूक़ के बारे में कुछ तफ़सील है। ज़िम्मी वे लोग थे जो इस्लामी हुकूमत की इताअत क़बूल करके अपने मज़हब पर क़ायम रहे और इस्लामी हुकूमत ने उनकी हिफ़ाज़त का ज़िम्मा लिया। ये लोग मुस्लमानों के बरअक्स फ़ौजी ख़िदमत से बरी थे और ज़कात भी उन पर आयद नहीं होती थी। इसलिए उनके जान-ओ-माल और दूसरे इन्सानी हुक़ूक़ की हिफ़ाज़त के बदले उनसे एक मामूली टैक्स वसूल किया जाता था जिसे आम भाषा में जीज़या कहते हैं। उसकी मिक़दार सिर्फ चार दिरहम फी कस सालाना थी और ये सिर्फ़ बालिग़, तंदरुस्त और कार्य करने वाले लोगों से वसूल किया जाता था। बूढ़े, विकलांग, ग़रीब, मोहताज और बच्चे इस से बरी थे बल्कि माज़ूरों, मोहताजों को इस्लामी बैतुल माल से सहायता दी जाती थी। इराक़ और शाम की फ़ुतूहात के दौरान में असंख्य क़बायल और आबादियां जीज़या की बुनियाद पर इस्लामी प्रजा बन गए। उनसे जो समझोते हुए उनमें इस किस्म की पक्ष भी रखे गए कि उनकी उपासना स्थल से संबंधित धर्म गुरुओं के निवास स्थान और गिरजे नष्ट नहीं किए जाऐंगे और न उनका कोई ऐसा क़िला गिराया जाएगा जिसमें वे ज़रूरत के वक़्त दुश्मनों के मुक़ाबले में क़िला बंद होते हों। नाक़ूस बजाने की मनाही नहीं होगी और न तहवार के अवसर पर सलीब निकालने से रोके जाऐंगे।

(अशरा मुबशरा अज़ बशीर साजिद, पृष्ठ 183 बदर पब्लिकेशन लाहौर 2000 ई.) अर्थात वे सलीब का जलूस भी निकाल सकते हैं।

हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो के ख़िलाफ़त के समय में हीरा वालों के साथ हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हो ने जो मुआहिदा सुलह का किया था इस में दूसरी बातों के इलावा ये भी अह्द किया गया था कि ऐसा बूढ़ा आदमी जो काम से माज़ूर हो जाए या उस पर कोई मर्ज़ या मुसीबत आन पड़े या जो पहले मालदार हो और फिर ऐसा ग़रीब हो जाए कि उसके हममज़हब उसे ख़ैरात देने लगें तो उसके सिर से जीज़या साक़ित कर दिया जाएगा अर्थात ख़त्म कर दिया जाएगा और जब तक वह दारुल हिजरत और दारुल इस्लाम में रहेगा, जहां इस्लामी हुकूमत है वहां रहेगा उसके और उसके परिवार के मसारिफ़ मुस्लमानों के बैत-उल-माल से पूरे किए जाऐंगे। जबकि अगर ऐसे लोग दारुल हिजरत और दारुल इस्लाम छोड़कर बाहर चले जाएं, दूसरे मुल्कों में चले जाएं तो उनके परिवार की कफ़ालत मुस्लमानों के ज़िम्मा नहीं होगी।

(किताब الخراج لابی یوسف فصل فی الکنائس والبیع, पृष्ठ 148 प्रकाशन अल्मक्तबा तोफीकिया 2013 ई.)

एक रिवायत के मुताबिक़ अहल-ए-हीरा के साथ हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हो के मुआहिदा में दर्ज था कि मुहताजों, अपाहिजों और दुनिया छोड़ने वाले राहिबों को जीज़या माफ़ होगा।

(अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक, पृष्ठ 318 मतबूआ इस्लामी कुतुब ख़ाना लाहौर)

फिर एक इकठ्ठा करने का क़ुरआन का बहुत बड़ा काम है जो हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो के ज़माना में हुआ। जमा क़ुरआन हज़रत अबूबकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो के समय का बेमिसाल और महान कारनामा है। इस की पृष्ठभूमि मुसैलमा कज़्ज़ाब से होने वाली जंग यमामा से जुड़ी है। जंग-ए-यमामा में बारह सौ मुस्लमान शहीद हो गए और उनमें किबार सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो और क़ुरआन के हुफ्फाज़ की भी एक वाज़िह अक्सरियत थी और एक रिवायत के मुताबिक़ हुफ़्फ़ाज़ शुहदा की तादाद सात सौ तक वर्णन हुई है।

(हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल, अनुवादक अंजुम शहबाज़ पृष्ठ 393 बुक कॉर्नर जेहलम पाकिस्तान)(क़ुरआन कैसे जमा हुआ? अज़ मौलाना मुहम्मद अहमद, पृष्ठ 58 मुद्रित आला हज़रत लाहौर)

इसलिए इस सूरत-ए-हाल में हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को अल्लाह तआला ने क़ुरआन-ए-करीम को एक जगह इकट्ठा करने के लिए हृदय की संतुष्टि अता फ़रमाई। आप रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो से इस का वर्णन किया जिसकी तफ़सील सही बुख़ारी में यूं वर्णन है : उबैद बिन सब्बाक वर्णन करते हैं कि हज़रत ज़ैद बिन साबित रज़ियल्लाहु अन्हो ने बताया कि अहल-ए-यमामा से जंग के बाद हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने उन्हें बुलाया तो क्या देखता हूँ कि हज़रत उम्र बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हो भी आप रज़ियल्लाहु अन्हो के पास बैठे हैं। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़रमाया उमर रज़ियल्लाहु अन्हो मेरे पास आए हैं और उन्होंने कहा है कि यमामा की जंग में क़ुरआन-ए-करीम के बहुत से हुफ़्फ़ाज़ शहीद हो गए हैं और मैं डरता हूँ कि मुख़्तलिफ़ जंगों में बहुत से क़ारी या हफ़ाज़-ए-क़ुरआन शहीद हो जाऐंगे जिसके नतीजा में क़ुरआन का बहुत सा हिस्सा ज़ाए होने का अंदेशा है। इसलिए हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा कि मेरी राय में आप रज़ियल्लाहु अन्हो जमा क़ुरआन का हुक्म दें।

हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत ज़ैद रज़ियल्लाहु अन्हो को फ़रमाया कि मैंने उमर रज़ियल्लाहु अन्हो से कहा है कि तो वह काम कैसे करेगा जो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने नहीं किया तो उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा कि इस काम में बख़ुदा ख़ैर ही ख़ैर है। उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने यह बात मुझसे इतनी बार की कि अल्लाह तआला ने इस काम के लिए मुझे शरह सदर अता फ़र्मा दी और मेरी भी उम्र की मानिंद राय हो गई है। हज़रत ज़ैद रज़ियल्लाहु अन्हो कहते हैं कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़रमाया ज़ैद! निसंदेह तू एक जवान और अक़लमंद आदमी है और हम तुझे किसी इल्ज़ाम या ऐब से पाक समझते हैं। तुम रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के लिए वह्यी भी लिखा करते थे। अतः अब तुम क़ुरआन शरीफ़ को ढूंढ ढूंढ कर उसे जमा करो। हज़रत ज़ैद रज़ियल्लाहु अन्हो कहते हैं कि अल्लाह की क़सम! अगर वह किसी पहाड़ को एक जगह से दूसरी जगह मुंतक़िल करने की ज़िम्मेदारी मेरे सपुर्द करते तो वह मेरे लिए क़ुरआन-ए-करीम के जमा करने के हुक्म से ज़्यादा कठिन न होता। यह तो बहुत बड़ा काम था जो मेरे सपुर्द किया। मैंने अर्ज़ क्या आप लोग वह काम कैसे करेंगे जो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने नहीं किया।

हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़रमाया बख़ुदा! यह काम सरासर ख़ैर है। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने इतनी बार यह बात दुहराई कि अल्लाह तआला ने मुझे इस काम के लिए हृदय की संतुष्टि अता फ़र्मा दी जिसके लिए हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को हृदय की

संतुष्टि अता फ़रमाई थी। अतः मैं ने क़ुरआन-ए-करीम की तलाश शुरू कर दी और उसे ख़जूरों की शाख़ों और सफ़ैद पत्थरों और लोगों के सीनों से इकट्ठा किया। यहां तक कि सूरः तौबा का आख़िरी हिस्सा मुझे हज़रत अबू खुज़ेमा अंसारी रज़ियल्लाहु अन्हो से मिला जो उन के सिवा किसी और से नहीं मिला जो यह है : لَقَدْ جَآءَكُمْ رَسُوْلٌ مِّنْ اَنْفُسِكُمْ عَزِيْزٌ عَلَيْهِ مَا عَنِتُّمْ (तौबा : 128) यहां से लेकर सूरह तौबा के आख़िर तक। फिर क़ुरआन-ए-करीम के तहरीरी सहीफ़े हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की वफ़ात तक उन्ही के पास रहे। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो की ज़िंदगी में उनके पास रहे। इसके बाद हज़रत हफ़सा बिंत उमर रज़ियल्लाहु अन्हा के पास रहे।

(सही बुख़ारी, किताब फ़ज़ायल क़ुरआन, बाब जमा क़ुरआन, नंबर : 4986)

इमाम बगवी अपनी किताब शरह सिना में जमा क़ुरआन की अहादीस पर हाशिया लिखते हुए फ़रमाते हैं कि जिस क़ुरआन को अल्लाह तआला ने अपने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर उतारा था उसे सहाबा किराम रज़ियल्लाहु अन्हो ने मन-ओ-अन बग़ैर किसी कमी बेशी के मुकम्मल जमा कर दिया था और सहाबा किराम का क़ुरआन-ए-मजीद को जमा करने का सबब हदीस में यह वर्णन हुआ है कि पहले क़ुरआन-ए-मजीद खजूर की शाख़ों, पत्थर की सलेटों, सिलों और हुफ्फाज़ किराम के सीनों में बिखरा हुआ था। सहाबा किराम को ख़दशा हुआ कि हुफ्फाज़ किराम की शहादत से क़ुरआन-ए-मजीद का कुछ हिस्सा ज़ाए न हो जाए इसलिए वह हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की ख़िदमत में हाज़िर हुए और उन्हें क़ुरआन-ए-मजीद को एक जगह जमा करने का मश्वरा दिया। यह काम सब सहाबा किराम के इत्तिफ़ाक़ से हुआ लिहाज़ा उन्होंने क़ुरआन-ए-मजीद को बिना तक़दीम-ओ-ताख़ीर जिस तरह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से सुना था ठीक-ठीक इसी तरह मुरत्तिब कर दिया। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने सहाबा किराम को क़ुरआन-ए-मजीद सुनाते थे और उन्हें बिल्कुल उसी तर्तीब से क़ुरआन सिखाते थे जिस तरह ये अब हमारे सामने सहीफ़े मौजूद है। ये तर्तीब जिबराईल ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को सिखाई थी। वह आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को हर आयत के नुज़ूल पर बताते थे कि इस आयत को अमुक सूरत में अमुक आयत के बाद लिखवाएँ।

(शरह अल् सुन्नाह, किताब फ़ज़ायल क़ुरआन, बाब जमा क़ुरआन रिवायत 1232, भाग 2 पृष्ठ 484-485 अल् मक्तबा तोफीकिया 2014 ई.)

क़ुरआन-ए-करीम के जमा करने का काम हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो के दौर में हुआ। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो उसके मुताल्लिक़ वर्णन करते हैं कि अल्लाह तआला हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो पर रहमत नाज़िल फ़रमाए। वही हैं जिन्हों ने सबसे पहले क़ुरआन-ए-मजीद को किताबी सूरत में महफ़ूज़ किया था।

(मुसन्निफ़ इब्ने अबी शीबा, किताब फ़ज़ायलुल क़ुरआन, नंबर 30856 अनुवाद, भाग 8, पृष्ठ 827 मकतबा रहमानिया लाहौर)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु जमा क़ुरआन के हवाले से वर्णन करते हुए फ़रमाते हैं कि "जो बात उस वक़्त तक नहीं हुई थी वह सिर्फ यह थी कि एक जिल्द में क़ुरआन शरीफ़ जमा नहीं हुआ था। जब ये पाँच सौ क़ुरआन का हाफ़िज़ लड़ाई "अर्थात जंग-ए-यमामा" में मारा गया। तो हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो के पास गए और उन्हें जा के कहा एक लड़ाई में पाँच सौ हाफ़िज़-ए-क़ुरआन शहीद हुआ है और अभी तो बहुत सी लड़ाईयां हमारे सामने हुई हैं। अगर और हुफ़्फ़ाज़ भी शहीद हो गए तो लोगों को क़ुरआन-ए-करीम के विषय में संदेह पैदा हो जाएगा इसलिए क़ुरआन को एक जिल्द में जमा कर देना चाहिए। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने पहले तो इस बात से इन्कार किया लेकिन आख़िर आप रज़ियल्लाहु अन्हो की बात मान ली।

हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने ज़ैद बिन साबित रज़ियल्लाहु अन्हो को इस काम के लिए निर्धारित किया जो रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की ज़िंदगी में क़ुरआन-ए-करीम लिखा करते थे और बड़े सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो उनकी मदद के लिए निर्धारित किए।

जबकि हज़ारों सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो क़ुरआन शरीफ़ के हाफ़िज़ थे लेकिन क़ुरआन शरीफ़ के लिखते वक़्त हज़ारों सहाबा को जमा करना तो असम्भव था इस लिए हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने हुक्म दे दिया कि क़ुरआन-ए-करीम को तहरीरी नुस्ख़ों से नक़ल किया जाए और साथ ही यह एहतियात की जाए कि कम से कम दो हाफ़िज़ क़ुरआन के और भी इस की तसदीक़ करने वाले हों। इसलिए मुतफ़र्रिक़ चमड़ों और हड्डियों पर जो क़ुरआन-ए-शरीफ़ लिखा हुआ था वह एक जगह पर जमा कर दिया गया और क़ुरआन-ए-शरीफ़ के हाफ़िज़ों ने उसकी तसदीक़ की। अगर क़ुरआन-ए-शरीफ़ के मुताल्लिक़ कोई संदेह हो सकता है तो केवल रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की वफ़ात और उस वक़्त के दरमयानी अरसा के मुताल्लिक़ हो सकता है किन्तु क्या कोई अक़लमंद यह तस्लीम कर सकता है कि जो किताब रोज़ाना पढ़ी जाती थी और जो किताब हर रमज़ान में ऊंची आवाज़ से पढ़ कर दूसरे मुस्लमानों को हुफ़्फ़ाज़ सुनाते थे और जिस सारी की सारी किताब को हज़ारों आदमियों ने शुरू से ले कर आख़िर तक हिफ़्ज़ किया हुआ था और जो किताब जबकि एक जिल्द में इकट्ठी नहीं की गई थी लेकिन बीसियों सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो उसको लिखा करते थे और टुकड़ों की सूरत में लिखी हुई वह सारी की सारी मौजूद थी उसे एक जिल्द में जमा करने में किसी को दिक़्क़त महसूस हो सकती थी। और फिर क्या ऐसे शख़्स को दिक़्क़त हो सकती थी जो ख़ुद रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के ज़माना में क़ुरआन की किताबत पर मुक़र्रर था और उसका हाफ़िज़ था और जब कि क़ुरआन रोज़ाना पढ़ा जाता था क्या यह हो सकता था कि इस जिल्द में कोई ग़लती हो जाती और बाक़ी हाफ़िज़ उसको पकड़ न लेते। अगर इस किस्म की शहादत पर संदेह किया जाए तो फिर तो दुनिया में कोई दलील बाक़ी नहीं रहती।

हक़ यह है कि दुनिया की कोई तहरीर ऐसे निरंतरता से दुनिया में क़ायम नहीं जिस निरंतरता से क़ुरआन शरीफ़ है।"

(दीबाचा तफ़सीरुल क़ुरआन, अनवारुल उलूम, भाग 20 पृष्ठ 432-433)

बाद में आप रज़ियल्लाहु अन्हो यह दलील फ़र्मा रहे हैं कि क़ुरआन-ए-करीम असली हालत में है और कोई इस में रद्द-ओ-बदल नहीं है जो एतराज़ किया जाता है कि तबदीली हुई, और यह था, और वह था। आजकल भी एतराज़ उठते हैं इस का यह जवाब है।

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो एक एतराज़ का उत्तर देते हुए फ़रमाते हैं कि "एक एतराज़ यह किया जाता है कि रसूल-ए-करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के ज़माना में पूरा क़ुरआन नहीं लिखा गया था। इसका जवाब यह है कि यह दरुस्त नहीं है। रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वाआला वसल्लम के ज़माना में निसंदेह सारा क़ुरआन लिखा गया" था। ये जो कहते हैं नहीं लिखा गया यह ग़लत है। लिखा गया था। "जैसा कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो की रिवायत है कि जब कोई हिस्सा नाज़िल होता तो रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम लिखने वालों को बुलाते और फ़रमाते उसे अमुक जगह दाख़िल करो। जब यह तारीख़ी सबूत मौजूद है तो फिर यह कहना कि क़ुरआन रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के वक़्त पूरा नहीं लिखा गया था बेवक़ूफ़ी है। रहा यह सवाल कि फिर हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो के ज़माना में क्यों लिखा गया इस का उत्तर यह है कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के ज़माना में क़ुरआन इस तरह एक जिल्द में नहीं था जिस तरह अब है। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को यह ख़्याल पैदा हुआ कि लोग यह न समझें कि क़ुरआन महफ़ूज़ नहीं। इसलिए उन्होंने इस बारे में हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो से जो अलफ़ाज़ कहे वे यह थे कि اِنِّیْ اَرٰی اَنْ تَاْمُرَ بِجَمْعِ الْقُرْاٰنِ मैं मुनासिब समझता हूँ कि आप क़ुरआन को एक किताब की शक्ल में जमा करने का हुक्म दें। यह नहीं कहा कि आप उस की किताबत करा लें। फिर हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने ज़ैद रज़ियल्लाहु अन्हो को बुला कर कहा कि क़ुरआन जमा करो इसलिए फ़रमाया اِجْمَعْهُ। उसे एक जगह जमा कर दो ये नहीं कहा कि उसे लिख लो। उद्देश्य अलफ़ाज़ ख़ुद बता रहे हैं कि इस वक़्त क़ुरआन के औराक़ को एक जिल्द में इकट्ठा करने का सवाल था लिखने का सवाल नहीं था।"

(फ़ज़ायलुल क़ुरआन (1)अनवारुल उलूम, भाग 10 पृष्ठ 514-515)

हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो के अह्द-ए-ख़िलाफ़त में क़ुरआन-ए-करीम एक जिल्द में जमा कर दिया गया और बाद में हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अः 17 मई 2019)

तालिबे दुआ
KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY, JAMAAT AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

अन्हो के समय में ख़िलाफ़त में मज़ीद पेश-रफ़्त यह हुई कि समस्त अरब बल्कि समस्त मुस्लिम दुनिया को एक किरात पर जमा कर दिया गया।

इसलिए हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो के दौर में क़ुरआन-ए-करीम की इशाअत के हवाले से हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन करते हैं कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो के बाद हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो के ज़माने में शिकायत आई कि मुख़्तलिफ़ क़बायल के लोग मुख़्तलिफ़ किरातों के साथ क़ुरआन-ए-करीम को पढ़ते हैं और ग़ैर मुस्लिमों पर इस का बुरा असर पड़ता है, वे समझते हैं कि क़ुरआन-ए-करीम के कई नुस्ख़े हैं। इस किरात से मुराद यह है कि कोई क़बीला किसी हर्फ़ को ज़बर से पढ़ता है दूसरा ज़ेर से पढ़ता है तीसरा पेश से पढ़ता है और ये बात सिवाए अरबी के और किसी ज़बान में नहीं पाई जाती। इस लिए अरबी न जानने वाला आदमी जब ये सुनेगा तो वे समझेगा कि यह कुछ कह रहा है और वह कुछ कह रहा है हालाँकि कह वह एक ही बात रहे होंगे। अतः इस फ़ित्ना से बचाने के लिए हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो ने यह तजवीज़ फ़रमाई कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो के ज़माना में जो नुस्ख़ा लिखा गया था उसकी कापियां करवाली जाएं और मुख़्तलिफ़ मुल्कों में भेज दी जाएं और हुक्म दे दिया जाए कि बस ईसी किरायत के मुताबिक़ क़ुरआन पढ़ना है और कोई किरायत नहीं पढ़नी। यह बात जो हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो ने की बिल्कुल अनुचित नहीं थी। रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के ज़माना में अरब लोग क़बायली ज़िंदगी बसर करते थे अर्थात हर क़बीला दूसरे क़बीला से अलग रहता था इसलिए वह अपनी अपनी बोली के आदी थे। अर्थात अपना अपना उनका बोलने का अंदाज़ था। लेकिन रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के हाथ पर जमा हो कर अरब लोग मुतमद्दिम हो गए और एक आम भाषा की बजाए अरबी ज़बान एक इलमी ज़बान बन गई। कसरत से अरब के लोग पढ़ने और लिखने के इलम से वाक़िफ़ हो गए जिसकी वजह से हर आदमी ख़ाह किसी क़बीला से ताल्लुक़ रखता था उसी सहूलत से वह शब्द अदा कर सकता था जिस तरह इलमी ज़बान में वे लफ़्ज़ बोला जाता था जो दरहक़ीक़त देश की भाषा थी। अतः कोई वजह नहीं थी कि जब सारे लोग एक इलमी ज़बान के आदी हो चुके थे उन्हें फिर भी इजाज़त दी जाती कि वह अपने क़बायली तलफ़्फ़ुज़ के साथ ही क़ुरआन शरीफ़ को पढ़ते चले जाएं और ग़ैर क़ौमों के लिए ठोकर का मूजिब बनें। इस लिए हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो ने इन हरकात के साथ क़ुरआन शरीफ़ को लिख कर जो मक्का की ज़बान के मुताबिक़ था सब मुल्कों में कापियां तक़सीम कर दीं और आइन्दा के मुताल्लिक़ हुक्म दे दिया कि सिवाए मक्की लहजा के और किसी क़बायली लहजा में क़ुरआन शरीफ़ न पढ़ा जाए। इस अमर को न समझने की वजह से यूरोप के मुसन्निफ़ और दूसरी क़ौमों के मुसन्निफ़ हमेशा यह एतराज़ करते रहते हैं कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो ने कोई नया क़ुरआन बना दिया था या उसमान ने कोई नई तबदीली क़ुरआन-ए-करीम में कर दी थी लेकिन हक़ीक़त वह है जो वर्णन की गई है।

(माख़ूज़ अज़ दीबाचा तफ़सीरुल क़ुरआन, अनवारुल उलूम भाग 20, पृष्ठ 433-434)

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं :

"क़ुरआन निसंदेह वह्यी मोतावल्ली है और पूरे का पूरा यहां तक कि नुक़्ते और हुरूफ़ भी क़तई मुतवातिर हैं और अल्लाह ने उसे कमाल एहतेमाम के साथ फ़रिश्तों की हिफ़ाज़त में नाज़िल फ़रमाया है। फिर इसके बारे में समस्त किस्म के एहतेमाम करने में नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने कोई उपाय नहीं छोड़ा किया और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपनी आँखों के सामने एक-एक आयत जैसे (क़ुरआन) नाज़िल होता रहा लिख ने पर मुदावमत फ़रमाई।

यहां तक कि आपने उसे मुकम्मल तौर पर जमा फ़रमाया और बनफ़से नफ़ीस आयात को तर्तीब दिया और उन्हें जमा किया और नमाज़ में और नमाज़ से बाहर उसकी तिलावत पर मुदावमत फ़रमाई। यहां तक कि आप दुनिया से रहलत फ़र्मा गए और अपने रफीक-ए-आला और महबूब रब्बुल आलमीन से जा मिले।

"हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि" फिर इसके बाद ख़लीफ़ा अव्वल हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस की समस्त सूरतों को नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से सुनी हुई तर्तीब के मुताबिक़ जमा करने का एहतेमाम फ़रमाया। फिर (हज़रत) अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो के बाद अल्लाह ने ख़लीफ़ रसूल हज़रत उसमान रज़ियल्लाहु अन्हो को तौफ़ीक़ अता फ़रमाई तो आप रज़ियल्लाहु अन्हो ने क़ुरैश के शब्द कोष के मुताबिक़ क़ुरआन को एक किरात पर जमा किया और उसे समस्त मुल्कों में फैला दिया।"

(हमामतुल बुश्रा, अनुवाद, पृष्ठ 101-102)

यह प्रश्न है कि सहीफ़ा सिद्दीक़ी जो हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो ने लिखवाया था, कब तक महफ़ूज़ रहा इस बारे में लिखा है कि हज़रत अबूबकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत ज़ैद बिन साबित रज़ियल्लाहु अन्हो के द्वारा जिस क़ुरआन-ए-करीम को एक जिल्द में मुरत्तिब करवाया इस को सहीफ़-ए-सिद्दीक़ी कहा जाता है। यह हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो के पास आप रज़ियल्लाहु अन्हो की वफ़ात तक रहा। इसके बाद हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के पास आ गया और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने उम्मुल मोमनीन हज़रत हफ़सा रज़ियल्लाहु अन्हो के सपुर्द कर दिया और यह इरशाद फ़रमाया कि किसी शख़्स को न दिया जाए। जबकि जिसको नक़ल करना या अपना नुस्ख़ा सही करना हो वह इस से फ़ायदा उठा सकता है। इसलिए हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो ने अपने अहद-ए-ख़िलाफ़त में हज़रत हफ़सा रज़ियल्लाहु अन्हो से आरेयतन लेकर चंद नुस्ख़े नक़ल करवाए और वह नुस्ख़ा हज़रत हफ़सा को वापिस लौटा दिया। जब मरवान मदीना का हाकिम हुआ तो उसने इस नुस्ख़ा को हज़रत हफ़सा रज़ियल्लाहु अन्हो से लेना चाहा लेकिन हज़रत हफ़सा रज़ियल्लाहु अन्हो ने इन्कार कर दिया । हज़रत हफ़सा के इंतेक़ाल के बाद मरवान ने हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ियल्लाहु अन्हो से लेकर उस को ज़ाए कर दिया लेकिन हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो उस को पहले महफ़ूज़ करवा चुके थे।

(सेर अल् सहाबा, भाग प्रथम, पृष्ठ 44 दारुल इशाअत कराची 2004 ई.)

फ़तह बारी, किताब फ़ज़ायल क़ुरआन, बाब जमा अल क़ुरआन .... भाग 8, पृष्ठ 636-637 1887-دار الریان للتراث القاھرہ)

हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो ने सबसे पहले जो काम सरअंजाम दिए या जो कारनामे सबसे पहले उनकी ज़ात के साथ वाबस्ता हैं उन्हें अव्वालियात अबूबकर रज़ियल्लाहु अन्हो का नाम दिया गया है। मुख़्तलिफ़ बातें हैं जो उन के काम थे जो सबसे पहले उन्होंने अंजाम दिए। आप रज़ियल्लाहु अन्हो सब से पहले इस्लाम लाए। दूसरे यह कि मक्का में आप रज़ियल्लाहु अन्हो ने अपने घर के सामने सबसे पहले मस्जिद बनाई। फिर तीसरा यह कि मक्का में रसूले अकरम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की हिमायत में सबसे पहले क़ुरैश ने मक्का से क़िताल किया। चौथा यह कि सबसे पहले असंख्य ग़ुलामों और बांदियों को जो इस्लाम लाने की पादाश में ज़ुलम-ओ-सितम का शिकार थे ख़रीद कर आज़ाद किया। पांचवां यह कि सबसे पहले क़ुरआन-ए-करीम को एक जिल्द में जमा किया। छठा यह कि सबसे पहले उन्होंने क़ुरआन का नाम مُصْحَف रखा। सातवाँ यह कि सबसे पहले ख़लीफ़-ए-राशिद क़रार पाए। आठवां यह कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ज़िंदगी में सबसे पहले अमीरुल हज्ज मुक़र्रर हुए। नवां यह कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ज़िंदगी में सबसे पहले नमाज़ में मुस्लमानों की इमामत की। दसवाँ यह कि इस्लाम में सबसे पहले बैतुल माल क़ायम किया। ग्यारह यह कि इस्लाम में सबसे पहले ख़लीफ़ा हैं जिनका मुस्लमानों ने वज़ीफ़ा मुक़र्रर किया। बारहवां यह कि सबसे पहले ख़लीफ़ा जिन्हों ने अपना जांनशीन नामज़द किया। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को आपने नामज़द फ़रमाया था। तेरहवां यह कि वह पहले ख़लीफ़ा हैं जिनकी बैअत-ए-ख़िलाफ़त के वक़्त उनके वालिद हज़रत अब्बू क़हाफ़ा ज़िंदा थे। चौधवां यह कि वह सबसे पहले शख़्स हैं जिन्हें इस्लाम में कोई लक़ब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अता फ़रमाया। पंद्रहवां यह कि सबसे पहले शख़्स जिनकी चार पुश्तों को शरफ़-ए-सहाबियत हासिल है। उनके वालिद सहाबी हज़रत अबू क़हाफ़ह रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ख़ुद सहाबी, उनके बेटे हज़रत अब्दुर्रहमान बिन अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो और उनके पोते हज़रत मुहम्मद बिन अब्दुर्रहमान बिन अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ये सब सहाबा थे।

(तसदीक अज़ प्रोफ़ैसर अली मोहम्मद सिद्दीक़ी, पृष्ठ 381-382)

हदीस नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और यदि खड़े होकर संभव न हो तो बैठ कर और यदि बैठ कर भी संभव न हो तो पीठ के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो के मनाक़िब के बारे में लिखा है हुल्या मुबारक हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के बारे में मर्वी है अर्थात उनके हवाले से बात की गई है कि उन्होंने एक अरबी शख़्स को देखा जो पैदल चल रहा था और आप उस वक़्त अपने हौदज में थीं। आप रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़रमाया मैंने उस शख़्स से ज़्यादा हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो से मुशाबेह कोई शख़्स नहीं देखा। रावी कहते हैं हमने कहा हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा से पूछा कि आप रज़ियल्लाहु अन्हो हमारे लिए हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो का हुल्या वर्णन करें तो हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो गोरे रंग के शख़्स थे। दुबले पुतले थे रुख़्सारों पर गोश्त कम था। कमर ज़रा ख़मीदा थी, ज़रा झुकी हुई थी कि आप रज़ियल्लाहु अन्हो का ते बंद भी कमर पर नहीं रुकता था और नीचे सरक जाता था। चेहरा कम गोश्त वाला था। चेहरा ज़्यादा भरा हुआ नहीं था। आँखें अंदर की तरफ़ थीं और पेशानी बुलंद थी।(अल् तब्क़ातुल कुबरा, भाग 3 पृष्ठ 140 "अबूबकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो" ' ومن بنی تیم بن مرّۃ بن کعب, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)

इब्ने सीरियन कहते हैं कि मैंने हज़रत अनस बिन रज़ियल्लाहु अन्हो से पूछा कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ख़िज़ाब लगाते थे? तो उन्होंने कहा हाँ मेहंदी और क़तम से रंग लगाते थे अपने बालों पर, दाढ़ी पर। कतम एक बोटी का नाम है।

(सही मुस्लिम, किताब अल् फ़ज़ायल, बाब शीबा आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, हदीस 4304 भाग 12, पृष्ठ 248-249 साथ हाशिया के, नूर फ़ाउंडेशन रब्वः)

ख़ुदा से प्रेम और ज़ोहद-ओ-तक़्वा के बारे में लिखा है कि हज़रत नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत रबीया बिन जाफ़र रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को कुछ ज़मीन अता फ़रमाई। दोनों में एक दरख़्त के लिए इख़तेलाफ़ हो गया। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने बेहस के दौरान कोई सख़्त बात कह दी लेकिन बाद में इस पर नादिम हुए और कहा रबीया तुम भी मुझे कोई ऐसी सख़्त बात कह दोता कि वह उसका बदला हो जाए। जिस तरह मैंने सख़्ती से बात की तुम भी मुझे बात कह दो लेकिन हज़रत रबीआ रज़ियल्लाहु अन्हो ने इन्कार कर दिया। वे दोनों नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुए सारा वाक़िया बयान किया। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि रबीया तुम सख़्त जवाब न दो लेकिन यह दुआ दो غَفَرَ اللّٰہُ لَکَ یَا اَبَابَکْرٍ अबू बकर अल्लाह तुमसे दरगुज़र फ़रमाए। इस पर उन्होंने ऐसा ही किया। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने यह बात जब सुनी तो इसका इस क़दर असर हुआ कि वे ज़ार-ओ-क़तार रोते हुए वापस लौटे।

(फ़तह बारी, शरह सही बुख़ारी, लेइब्ने हिज्र असकलानी, भाग 7, पृष्ठ 31 हदीस 3661 क़दीमी कुतुब ख़ाना आराम बाग़ कराची)

एक रिवायत में है कि हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो ने एक परिंदा देखा जो एक दरख़्त पर था। आप रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा हे परिंदे तुझे ख़ुशख़बरी हो अल्लाह की क़सम मैं चाहता हूँ कि मैं तुम्हारी मानिंद होता। तुम दरख़्त पर बैठते हो और फल खाते हो और फिर उड़ जाते हो। तुम पर कोई हिसाब होगा और न ही कोई अज़ाब।

अल्लाह की क़सम मैं चाहता हूँ कि मैं रास्ते के एक जानिब एक दरख़्त होता और ऊंट मेरे पास से गुज़रता और मुझे पकड़ता और अपने मुँह में डाल लेता और मुझे चबा डालता फिर वह मुझे जल्दी से निगल लेता फिर ऊंट मुझे मेंगनी की सूरत में बाहर निकालता और मैं इन्सान न होता।

(कंज़ुल उम्माल, भाग 12 पृष्ठ 237 किताब फ़ज़ायल, बाब फ़ज़ायल सहाबा, हदीस 35694 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरत अम्बिया की आयत नंबर 41 وَیَقُوْلُ الْکَافِرُ یٰلَیْتَنِیْ کُنْتُ تُرَابًا और काफ़िर कहेगा हे काश मैं ख़ाक हो चुका होता, की तफ़सीर करते हुए वर्णन फ़रमाते हैं कि "बाअज़ मुस्लमान फ़िरक़े सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो के बुग़ज़ में इस क़दर बढ़ गए हैं कि वे कहते हैं कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो मौत के वक़्त यही फ़िक़रा कहते थे अतः उनका कुफ़्र साबित है।" अर्थात क्योंकि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो यह पढ़ा करते थे وَیَقُوْلُ الْکَافِرُ یٰلَیْتَنِیْ کُنْتُ تُرَابًا। तो इसलिए वे काफ़िर हुए नऊज़ो बिल्लाह। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो फ़रमाते हैं "हालाँकि अगर यह रिवायत साबित हो" अगर यह सच्ची बात है "और यह आयत हज़रत अबूबकर रज़ियल्लाहु अन्हो के मुताल्लिक़ हो तो अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो के ईमान के लिहाज़ से उसके यह अर्थ होंगे कि कुफ़्फ़ार की बातों का मुनकिर अर्थात अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो कहेगा कि काश मेरे साथ ख़ुदा तआला का मुआमला ऐसा ही होता कि न वह मेरे नेक-आमाल का बदला देता और न मेरी ग़लतियों की सज़ा देता। और यह फ़िक़रा एक मोमिन-ए-कामिल का फ़िक़रा है। हदीसों में तो ख़ुद रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के मुताल्लिक़ भी आता है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम यह फ़रमाया करते थे कि मैं अपने आमाल की वजह से बख़्शा नहीं जाऊँगा बल्कि अल्लाह तआला के फ़ज़ल से बख़्शा जाऊँगा। काफ़िर का लफ़्ज़ उस जगह कटाक्ष के रूप में प्रयोग हुआ है और मुराद यह है कि ये लोग उसे काफ़िर कहते हैं जो जंग में रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के सबसे ज़्यादा क़रीब होता था और जिसने अपना सारा माल रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर क़ुर्बान कर दिया था और ग्यारह साल की बेटी आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से ब्याह दी थी जबकि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की उम्र चोव्वन पचपन साल की थी और हिज्रत में आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ था जबकि सारे मक्का के मुक़ाबले में आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम केवल अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को साथ लेकर खड़े हो गए थे। क़ुरआन-ए-करीम तंज़न कहता है कि यह क़ुर्बानियां देने वाला शख़्स तो काफ़िर है। "अगर यह समझा जाए कि अबू बकर के मुताल्लिक़ भी यह आयत है तो यह तंज़न लफ़्ज़ प्रयोग हुआ है कि यह क़ुर्बानियां देने वाला शख़्स तो काफ़िर है" मगर वे लोग जिन्हों ने इस के आमाल के मुक़ाबला में कोई निसबत भी अमल की नहीं दिखाई वह मोमिन हैं।"

(तफ़सीर-ए- सग़ीर, सूरत अम्बिया, ज़ेर आयत 41 पृष्ठ 798 हाशिया)

हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की वफ़ात का वक़्त जब क़रीब आया तो उन्होंने हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा से फ़रमाया हे मेरी बेटी तू जानती है कि लोगों में सबसे ज़्यादा महबूब और अज़ीज़ मुझे तुम हो और मैंने अपनी अमुक जगह की ज़मीन तुम्हें भेंट की थी। अगर तुमने इस पर क़बज़ा क्या होता और इस के नफ़ा से लाभ उठाया होता तो वह निसंदेह तुम्हारी मिल्कियत में थी लेकिन अब वह मेरे समस्त वारिसों की मिल्कियत है। मैं पसंद करता हूँ कि तुम वह वापस लौटा दो। वह हिबा वापिस लौटा दो क्योंकि उस पर तुमने क़बज़ा नहीं किया और मेरी ज़िंदगी में वह ज़मीन मेरे प्रयोग में ही रही ताकि वह मेरी सारी औलाद में अल्लाह की किताब के मुताबिक़ तक़सीम हो जाए और मैं अपने रब से इस हालत में मिलूँ कि मैंने अपनी औलाद में से किसी को दूसरे पर फ़ज़ीलत नहीं दी होगी। इस पर हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने अर्ज़ किया आपके हुक्म की हर्फ़ बह हर्फ़ तामील की जाएगी।

(अल् तब्क़ातुल कुबरा, भाग 3 पृष्ठ 145-146 वर्णन वसीयत अबू बकर, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)(तारीख़ ख़ुलफ़ा अज़ अल्लामा सियूती (अनुवाद) पृष्ठ 89 प्रकाशन नफ़ीस अकैडमी कराची)

निमंलिखित जो वाक़िया मैं बयान करने लगा हूँ यह पहले भी वर्णन हो चुका है लेकिन आपके मनाक़िब के ज़िमन में भी यहां दुबारा वर्णन करता हूँ।

जब ख़िलाफ़त की रिदा आपको अल्लाह तआला ने पहनाई तो उस वक़्त का वर्णन है कि अगले दिन हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो जो कपड़े की तिजारत करते थे ख़लीफ़ा मुंतख़ब होने के बाद हसब-ए-मामूल कंधे पर कपड़ों के थान रखकर बाज़ार की तरफ़ रवाना हुए।

रास्ते में हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत अबू उबैदःरज़ियल्लाहु अन्हु से मुलाक़ात हुई। उन्होंने कहा हे ख़लीफ़ा-ए-रसूल सल्लल्लाहो वसल्लम! कहाँ तशरीफ़ ले जा रहे हैं। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़रमाया बाज़ार। उन्होंने कहा आप रज़ियल्लाहु अन्हो मुसलामानों के हाकिम हैं चलिए हम आप रज़ियल्लाहु अन्हो के लिए कुछ वज़ीफ़ा मुक़र्रर कर दें। आप रज़ियल्लाहु अन्हो वापिस चलें, वज़ीफ़ा मुक़र्रर कर देंगे। तिजारत की कोई ज़रूरत नहीं।

(सीरतुल सहाबा, भाग प्रथम पृष्ठ : 77)

अल्लामा इब्न-ए-साद ने वज़ीफ़ा की तफ़सील यह वर्णन की है कि उनको दो चादरें मिलती थीं। जब वे पुरानी हो जाती थीं तो उन्हें वापस कर के दूसरी लेते थे। सफ़र के अवसर पर सवारी और ख़िलाफ़त से पहले जो ख़र्च था इसी के मुवाफ़िक़ अपने और अपने साथियों के लिए ख़र्च कर लेते थे।

(सैर सहाबा, भाग प्रथम, पृष्ठ : 82)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि "हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो समस्त आलम-ए-इस्लामी के बादशाह थे परन्तु उनको क्या मिलता था। पब्लिक के रुपया के वे मुहाफ़िज़ तो थे मगर ख़ुद इस रुपया पर कोई तसर्रुफ़ नहीं रखते थे। बे-शक हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो बड़े ताजिर थे परन्तु चूँकि उनको कसरत से यह आदत थी कि जूंही रुपया आया ख़ुदा तआला की राह में दे दिया इस लिए ऐसा संयोग हुआ कि जब रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व

सल्लम की वफ़ात हुई और आप रज़ियल्लाहु अन्हो ख़लीफ़ा हुए तो उस वक़्त आप रज़ियल्लाहु अन्हो के पास नक़द रुपया नहीं था। ख़िलाफ़त के दूसरे ही दिन आप रज़ियल्लाहु अन्हो ने कपड़ों की गठड़ी उठाई और उसे बेचने के लिए चल पड़े। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो रास्ते में मिले तो पूछा क्या करने लगे हैं? उन्होंने कहा कि आख़िर मैं ने कुछ खाना तो है। अगर मैं कपड़े नहीं बैचूंगा तो खाऊंगा कहाँ से। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा यह तो नहीं हो सकता अगर आप रज़ियल्लाहु अन्हो कपड़े बेचते रहे तो ख़िलाफ़त का काम कौन करेगा? हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने उत्तर दिया कि अगर मैं यह काम नहीं करूँगा तो फिर गुज़ारा किस तरह होगा? हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा कि आप रज़ियल्लाहु अन्हो बैतूल माल से वज़ीफ़ा ले लें।

हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने जवाब दिया कि मैं यह तो बर्दाश्त नहीं कर सकता, बैतुल माल पर मेरा क्या हक़ है। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा जब क़ुरआन-ए-करीम ने आज्ञा दी है कि दीनी काम करने वालों पर भी बैतुल माल का रुपया सर्फ़ हो सकता है तो आप रज़ियल्लाहु अन्हो क्यों नहीं ले सकते।

इसलिए उस के बाद बैतुल माल से उनका वज़ीफ़ा मुक़र्रर हो गया परन्तु उस वक़्त के लिहाज़ से वह वज़ीफ़ा केवल इतना था जिससे रोटी कपड़े की ज़रूरत पूरी हो सके।" (तफ़सीर-ए-कबीर, भाग 8 पृष्ठ 468)

इब्ने अबी मुलेका वर्णन करते हैं कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो के हाथ से अगर लगाम छूट कर गिर जाती तो आप अपनी ऊंटनी को बिठाते और वह लगाम उठाते। उनसे कहा गया कि आप रज़ियल्लाहु अन्हो ने हमें क्यों हुक्म नहीं दिया ता हम आप रज़ियल्लाहु अन्हो को पकड़ा देते। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो फ़रमाते मेरे महबूब सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने मुझे इस बात का हुक्म दिया था कि मैं लोगों से किसी चीज़ का सवाल न करूँ।

(मस्नद अहमद बिन हम्बल भाग 1, पृष्ठ 92 मस्नद अबी बिक्र सिद्दीक, हदीस 65 आलेमुल क़ुतुब बेरूत 1998 ई.)

इस हद तक एहतियात करते थे।

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन फ़रमाते हैं कि "रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वाआला वसल्लम ने एक दफ़ा मस्जिद में कुछ लोगों की आवाज़ सुनी कि अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को हम पर कौन सी ज़्यादा फ़ज़ीलत हासिल है। जैसे नेकी के काम वे करते हैं इसी तरह नेकी के काम हम करते हैं। रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वाला वसल्लम ने यह सुना तो फ़रमाया हे लोगो! अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को फ़ज़ीलत नमाज़ और रोज़ों की वजह से नहीं बल्कि उस नेकी की वजह से है जो उस के दिल में है।" (ख़ुतबात-ए-महमूद, भाग 19 पृष्ठ 765)

अर्थात जो उनके दिल में नेकी है और जो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से अक़ीदत है और अल्लाह तआला का जो ख़ौफ़ है और जो ख़शीयत है वह इस मयार की है कि तब उनको तुम्हारे पर फ़ज़ीलत है और इसके मुताबिक़ फिर उनका अमल भी है। सिर्फ दिल में नहीं है।

